# कृषक उत्पादक संगठन के निदेशक मण्डल, अधिशासी अधिकारियों तथा सदस्यों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कृषि विज्ञान केन्द्र, भाकृअनुप-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज़्ज़तनगर, बरेली द्वारा आज दिनाँक 12 दिसम्बर, 2022 से कृषक उत्पादक संगठन के निदेशक मण्डल, अधिशासी अधिकारियों तथा सदस्यों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ किया गया। इस कार्यक्रम के उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ॰ महेश चन्द्र, संयुक्त निदेशक, प्रसार, भाकृअनुप-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज़्ज़तनगर, विशिष्ट अतिथि श्री डी॰के॰ मिश्रा, डी॰डी॰एम॰, नाबार्ड, बरेली, श्रीमति सुषमा, एल॰डी॰एम॰, बरेली तथा श्री एस॰बी॰ सक्सेना, क्षेत्रीय प्रबन्धक, बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक, बरेली थे। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में डॉ॰ महेश चन्द्र, संयुक्त निदेशक, प्रसार ने बताया कि कृषक उत्पादक संगठनों की संख्या तथा सक्रियता की दृष्टि से उत्तर प्रदेश अभी अन्य प्रदेशों से बहुत पीछे है ऐसे में सफल कृषक उत्पादक संगठनों की संख्या तो और भी कम है। उन्होंने देश के कुछ सफल कृषक उत्पादक संगठनों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुये आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सामयिकता की सराहना की तथा इस कार्यक्रम की सफलता की कामना करते हुये कृषक उत्पादक संगठनों की सफलता के लिए ऐसे ही और कार्यक्रमों के अधिक संख्या में आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

विशिष्ट अतिथि श्री डी॰के॰ मिश्रा, डी॰डी॰एम॰, नाबार्ड, बरेली ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बरेली तथा ग्लान्स एजुकेशनल वेलफ़ेयर सोसायटी, बरेली के इस संयुक्त प्रयास की सराहना करते हुये अवगत कराया कि जैसे ही यह प्रस्ताव नाबार्ड के सम्मुख आया हमने तुरन्त इसके क्रियान्वयन हेतु सहमति प्रदान कर दी। यह प्रशिक्षण निश्चित रूप से कृषक उत्पादक संगठनों को अपने उद्देश्यों में सफलता की ओर ले जाएगा। विशिष्ट अतिथि श्रीमति सुषमा, एल॰डी॰एम॰, बरेली तथा श्री एस॰बी॰ सक्सेना, क्षेत्रीय प्रबन्धक, बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक ने कृषक उत्पादक संगठनों की स्थापना तथा इनके बैंकों से रिश्तों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बताया कि सरकारी योजनायें तथा बैंक सदैव कृषक उत्पादक संगठनों के सहयोग के लिए तत्पर हैं।

इससे पूर्व श्री राकेश पाण्डे ने कार्यक्रम का संचालन तथा सभी अतिथियों तथा प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में स्वागत किया। डॉ॰ बृजपल सिंह, अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, बरेली ने कार्यक्रम कि रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये अवगत कराया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में कृषक उत्पादक संगठन के गठन, उसके घटक सदस्यों कि भूमिका तथा जिम्मेदारियाँ, कृषक उत्पादक संगठन का प्रबंधन, बैंक से संबंध तथा लेनदेन, लेखों का रख-रखाव, ऑडिट, विभिन्न व्यावसायिक कार्ययोजनायें बनाना, उनका क्रियान्वयन, जोखिम प्रबंधन, विभिन्न सरकारी योजनायें, टीम के रूप में कार्य करना आदि विषयों पर विशेषज्ञों से चर्चा के साथ ही सफल कृषक उत्पादक संगठनों कि वीडियो फिल्मों का प्रसारण और प्रक्षेत्र भ्रमण को भी रक्खा गया है जिससे प्रशिक्षणार्थियों को विषय कि बेहतर समझ हो सके। डॉ॰ शार्दूल विक्रम लाल ने सभी उपस्थित अतिथियों तथा प्रशिक्षणार्थियों के साथ कर्करम के आयोजन से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञपित किया। कार्यक्रम में बरेली किसान एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ,बरेली कृषिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, रामपुर,पौल्ट्रेक खीरी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड लखीमपुर खीरी के 17 निदेशक मण्डल, अधिशासी अधिकारियों तथा सदस्यों ने प्रतिभाग किया।